# दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




## कालबादेवी इलाके में गिरी 7 फीट ऊंची दीवार
### दो लोगों की मौके पर हुई मौत

**मुंबई।** मुंबई के कालबादेवी में एक मकान ढहने से दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 2.38 बजे एक कंपाउंड की दीवार बगल के मकान पर गिर गई। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शहर के चरनी रोड इलाके में चिरा बाजार स्थित गांधी बिल्डिंग में हुई। अधिकारियों ने बताया कि लगभग पांच से सात फीट ऊंची और 30 फीट लंबी परिसर की दीवार पड़ोसी घर पर गिर गई, जिससे काफी नुकसान हुआ। मुंबई फायर ब्रिगेड (एमएफबी) ने मलबे के नीचे फंसे लोगों की तलाश के लिए अत्याधुनिक बचाव उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू किया। एहतियात के तौर पर एमएफबी ने इलाके को रस्सियों से घेर दिया।

**अनमोल विचार** हर समस्या समाधान बनाने का एक मौका है : ली डे फॉरेस्ट

## मुख्यमंत्री शिंदे ने अपने राजनीतिक गुरु आनंद दिघे को उनकी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**ठाणे।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को अपने राजनीतिक गुरु और दिवंगत शिवसेना नेता आनंद दिघे को उनकी पुण्यतिथि पर ठाणे में उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। क्षेत्र में अपने समय के बेहद लोकप्रिय नेता दिघे का एक सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट लगने के बाद निजी अस्पताल में 26 अगस्त 2001 को निधन हो गया था। दिघे के प्रति शिंदे सहित उनके समर्थकों की गहरी निष्ठा है। शिंदे ने आनंद आश्रम का दौरा किया जहां से दिघे शिवसेना की ठाणे इकाई को चलाते थे। शिंदे ने उनके स्मारक 'शक्ति स्थल' का भी दौरा किया। मुख्यमंत्री के साथ ठाणे के सांसद नरेश म्हस्के और विधायक प्रताप सरनाइक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# छत्रपति शिवाजी की 35 फुट ऊंची प्रतिमा ढही
## 1 साल पहले पीएम मोदी ने किया था अनावरण

**दोपहर संवाददाता । सिंधुदुर्ग**

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के एक किले में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची प्रतिमा सोमवार को बारिश के कारण ढह गई। मालवन स्थित राजकोट किले छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची प्रतिमा लगाई गई थी जो सोमवार को दोपहर करीब एक बजे ढह गई। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञ प्रतिमा के ढहने के वास्तविक कारण का पता लगाएंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि जिले में बीते दो-तीन दिनों में भारी बारिश हुई है और तेज हवाएं चली हैं। पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे और क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है।



### कांग्रेस ने लगाए आरोप

सिंधुदुर्ग में प्रतिमा गिरने के बाद कांग्रेस ने राज्य और केंद्र की भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। सोशल मीडिया एक्स पर महाराष्ट्र कांग्रेस के अकांउट से एक पोस्ट कर भाजपा सरकार को छत्रपति शिवजी महाराज के अपमान का भी आरोप लगाया। कांग्रेस ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि " भाजपा के भ्रष्ट प्रशासन ने छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराष्ट्र का अपमान किया है। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा, जिसका उद्घाटन 4 दिसंब, 2023 को नौसेना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था, आज दोपहर गिर गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटिया निर्माण के कारण प्रतिमा गिरी है।"

### प्रधानमंत्री ने किया था प्रतिमा का अनावरण

बता दें कि सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने नौसेना दिवस के अवसर पिछले साल चार दिसंबर को किले में आयोजित समारोहों में शामिल हुए थे इस दौरान इस प्रतिमा का अनावरण किया था। प्रधानमंत्री के साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नारायण राणे, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस, अजित पवार और नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार भी थे।


## 55 मामलों में था वांछित

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

अपराध शाखा के अधिकारियों ने ठाणे जिले से एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है जिसके खिलाफ विभिन्न शहरों में चेन झपटमारी के 55 मामले दर्ज हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी गुलाम अली उर्फ नादर सरताज जाफरी (40) के पास से सोने की कई चेन बरामद की हैं जिनकी कुल कीमत 3.13 लाख रुपये है। अपराध शाखा के सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) शेखर बागडे ने बताया कि ठाणे शहर में वागले स्टेट की अपराध शाखा इकाई पांच के अधिकारियों ने खुफिया सूचना एवं तकनीकी आधार पर जुटाई गई जानकारी के बाद जाफरी को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने बताया कि जाफरी के खिलाफ महाराष्ट्र के नासिक, पुणे, अहमदनगर और ठाणे जिलों के विभिन्न थानों और गुजरात के कुछ स्थानों पर 2015 से चेन झपटमारी के 45 मामलों की जांच लंबित थी। उन्होंने बताया कि जाफरी को पहले गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसे जमानत मिल गई थी और जेल से बाहर आने के बाद उसने चेन झपटमारी की 10 घटनाओं को अंजाम दिया।

# सात महीने में अटल सेतु पर 50 लाख से ज्यादा वाहनों ने यात्रा की

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



अटल सेतु ने मुंबई में यातायात को आसान बना दिया है। इसके अलावा मुंबईकरों ने भी इस ब्रिज को ज्यादा तरजीह दी है। क्योंकि महज सात महीने की अवधि में इस पुल पर 5 लाख 4 हजार 350 वाहन सफर कर चुके हैं. इस अटल सेतु का उद्घाटन 12 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था और 13 जनवरी को इस पुल को यातायात के लिए खोल दिया गया था। यह पुल भारत का सबसे लंबा पुल है और इसे पानी पर बने सबसे लंबे पुल के रूप में जाना जाता है। दावा किया गया कि अटल सेतु के उद्घाटन से मुंबई की परिवहन व्यवस्था में एक नया आयाम जुड़ गया है. इस पुल का उपयोग सभी प्रकार के वाहनों द्वारा किया जाता है। इस प्रकार 13 जनवरी 2024 से 25 अगस्त 2024 तक सात माह की अवधि में इस पुल से 5 लाख 4 हजार 350 वाहनों ने आवागमन किया है। परिणामस्वरूप, यह अटल सेतु दक्षिण मुंबई से पनवेल, पुणे और नवी मुंबई के बीच यात्रा के समय में कम से कम आधे घंटे की बचत कर रहा है। BEST, NMMT बसों के साथ-साथ MSRTC की शिवनेरी बसें और अन्य निजी, वाणिज्यिक वाहन भी नियमित रूप से अटल सेतु का उपयोग करते देखे जाते हैं। यह पुल दक्षिण मुंबई को नवी मुंबई, पनवेल और पुणे शहरों से तेज गति से जोड़ता है। ऐसा कहा जाता है कि इससे यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा और यातायात दक्षता में सुधार होगा।

### वर्ली-शिवडी एलिवेटेड लाइन का काम लगभग 75% पूरा

वर्ली–शिवाड़ी एलिवेटेड रोड का काम लगभग 75% पूरा हो गया है और इस सड़क के पूरा होने के बाद वर्ली सी–फेस से अटल सेतु तक 5 से 10 मिनट में पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा, चिरले इंटरचेंज से मुंबई–पुणे एक्सप्रेसवे के बीच एलिवेटेड रोड पर भी काम शुरू किया गया है। इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने के बाद माना जा रहा है कि दक्षिण मुंबई और मुंबई के पश्चिमी उपनगरों से नवी मुंबई, पनवेल, पुणे और मुंबई–गोवा राजमार्ग तक यातायात अधिक गतिशील हो जाएगा।

### अटल सेतु के कारण मुंबई के ट्रैफिक में बड़ा बदलाव- एकनाथ शिंदे

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि अटल सेतु ने मुंबई महानगरीय क्षेत्र में यातायात में एक बड़ा बदलाव लाया है और इसका उपयोग लाखों लोगों द्वारा किया गया है। लगभग 50 लाख वाहन केवल सात महीने में अटल सेतु को पार कर लिया, जो इस पुल के महत्व को दर्शाता है और उपयोगिता स्पष्ट है। यह पुल यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और तेज यात्रा सुविधा प्रदान कर रहा है। इस परियोजना को बढ़ती समस्याओं के लिए एक प्रभावी समाधान के रूप में भी इस्तेमाल किया जा रहा है। अटल सेतु की वजह से मुंबई का यातायात सुधर रहा है और लाखों नागरिकों को लाभ मिल रहा है।

# शहर में बढ़ी एमडी तस्करी की वारदात

- शांतिनगर पुलिस ने पांच दिन में 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार
- 58.75 लाख का माल किया जब्त

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी शांतिनगर पुलिस ने दो एमडी तस्करों के साथ पांच दिन में कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 58 लाख 75000 रूपये मूल का सामान जब्त किया है। जिसमें पुलिस ने अधिक मात्रा में मेफ़ेड्रॉन (एमडी), बीएमडब्ल्यू कार व पिस्तौल सहित डीजल से भरा टेंकर जप्त किया है। जिस की जानकारी आज शांतिनगर पुलिस स्टेशन में आयोजित पत्रकार परिषद में सीनियर पीआई विनायक गायकवाड ने दी ।



### पहली कार्रवाई

सीनियर पीआई विनायक गायकवाड ने बताया कि शहर में अमली प्रदार्थ विक्रेताओं की मिल रही शिकायतों के मद्देनजर भिवंडी परिमंडल दो के पुलिस उपायुक्त श्रीकांत परोपकारी द्वारा कार्रवाई का आदेश दिया गया था। जिसके अनुसार 21 अगस्त को पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपड़े व उनकी टीम ने गुप्त जानकारी की बिना पर साई बाबा मंदिर के पास हिना गैरेज के सामने कल्याण रोड पर खड़े टेंकर से अवैध रूप से डीजल की बिक्री करने वाले अजित चौविसलाल यादव (34) निवासी बेलापुर और मुंबई के मानखुर्द निवासी आरिफ जलालुद्दीन खान (42) को गिरफ्तार कर 15 हजार 500 लीटर डीजल से भरा टेंकर जब्त किया है। जिसकी कीमत 20 .80 लाख रूपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान इनका एक साथी सनी फरार होने में कामयाब हो गया था जिसे आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### दूसरा मामला :

इसी तरह 24 अगस्त को शांतिनगर पुलिस की गश्त दल ने भादौड़ स्थित पाइपलाइन रोड पर नाशिक से आए दो मेफ़ेड्रॉन (एमडी) तस्करों को बीएमडब्ल्यू कार समेत गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने 10 लाख रूपये मूल का 50 ग्राम मेफ़ेड्रॉन ड्रग्स बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम मुजफ्फर मोबीन शेख (24) और समीर फिरोज रोकड़िया (24) है। जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी मुजफ्फर के घर नाशिक जाकर तलाशी ली तो वहां से एक पिस्तौल भी बरामद हुई है ।

### अन्य मामला

23 अगस्त को भी पुलिस ने एक तड़ीपार आरोपी को एमडी तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया तह जिस के पास से 11 लाख 20 हजार रूपये की कीमत का एमडी ड्रग्स बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इन सभी मामलों में पुलिस की आगे जांच जारी है।

# नगर पथ विक्रेता समिति के चुनाव
## रवि डेरे और सुरेश गुप्ता ने लगाया जीत के लिए जोर




**मुंबई।** हाल ही में नगर पथ विक्रेता समिति के चुनाव के लिए मुंबई नगर निगम (मनपा) ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इन चुनावों में 20 वार्डों के पथ विक्रेताओं का प्रतिनिधित्व चुना जाएगा, जो नगर निगम द्वारा लागू किए गए नियमों और योजनाओं के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए कई कदम उठाए

मनपा ने इस बार चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। मतदान 29 तारीखों की घोषणा की गई है और उम्मीदवारों की सूची भी सार्वजनिक कर दी गई है। चुनाव के तहत परिमंडल 1 के लिए रवि डेरे, सुरेश गुप्ता, भगवान सालवी और एसी फातिमा हसन ने जोर लगाया है। पथ विक्रेताओं को उनके कामकाजी क्षेत्र के हिसाब से प्रतिनिधि चुनने का मौका मिलेगा, जो उनके हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान में मदद करेंगे। परिमंडल 1 सबसे ज्यादा व्यस्त इलाका माना जाता है। विक्रेताओं की विभिन्न समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचा कर हल निकालने का दावा इन उम्मीदवारों ने किया है। इनके हाथ मजबूत करने के लिए विक्रेताओं द्वारा मतदान प्रक्रिया में वोट देने का आवाहन भी किया गया है। सभी पथ विक्रेताओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए सूचना भेज दी गई है और मतदान के दिन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। मनपा का कहना है कि यह चुनाव पथ विक्रेताओं की समस्याओं को सुलझाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारिक समुदाय से भी अपील की गई है कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और सही प्रतिनिधि चुनने में सहयोग दें। मनपा के अधिकारी चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए लगातार संपर्क में हैं और किसी भी प्रकार की असुविधा या शिकायत के लिए हेल्पलाइन जारी की गई है।

## धोखाधड़ी के मामले में झोपड़पट्टी पुनर्वसन प्राधिकारण से शिकायत

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

बांद्रा सरकारी कॉलोनी में रहने वाले संतोष चंद्रकांत कांबले ने अपने साथ हुए धोखाघड़ी की शिकायत मुख्य कार्यकारी अधिकारी झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकारण, बांद्रा, गझधर शिवशाही सहकारी गृह निर्माण संस्था, सांताक्रूज (प.), के अध्यक्ष और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, खार से की है। इस संबंध में कांबले ने बताया कि उपरोक्त विषय संदर्भ के अंतर्गत पंजीकृत विलेख के अनुसार ॠगझधर शिवशाही सहकारी गृह निर्माण संस्था नियोजित, सांताक्रूज (प.) मुंबई में दुकान क्रमांक (गैर आवासीय) सेंटर एचडब्ल्यूजी 100-8/9, निर्मित 126 वर्ग फीट ग्राउंड फ्लोर के बारे में अब्दुल रहीम खान के साथ मेरी स्वर्गीय मां सुवर्णा चंद्रकांत कांबले का नाम होने के दौरान पंजीकृत अनुबंध हुआ है। रहीम खान के नाम पर एक बड़ी जमा राशि वर्ष 2020 में वापस ले ली है, उक्त राशि वापस नहीं मिलने के कारण हमारा व्यवहार पूरा नहीं हुआ है। रहीम खान ने हमें यह राशि देने में हमेशा टालमटोल किया है। उन्होंने हमें कानूनी रूप से फंसाया है। सभी लेन-देन सरकारी पंजीकृत अनुबंध पर किए गए हैं। इस धोखाधड़ी के कारण मैंने उनके खिलाफ स्थानीय पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया। हालांकि, अभी तक कोई कारवाई नहीं की गई है।

## ड्रेसिंग रूम में कपड़े बदलते महिला का वीडियो बना रहा था युवक, मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे में एक ज्वेलरी के दुकान में के ड्रेसिंग रूम में महिला कर्मचारी की कपड़े बदलते हुए वीडियो बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महिला कर्मचारी ने अपनी ड्यूटी खत्म की और अपने कपड़े बदल रही थी। उसी दौरान एक व्यक्ति को मोबाइल फोन से वीडियो बनाते हुए देखा। ठाणे के पुलिस स्टेशन में व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 77 और 78 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, महिला की शिकायत के आधार पर ज्वेलरी की दुकान के ड्रेसिंग कक्ष में कपड़े बदलते हुए कथित तौर पर वीडियो बनाने के लिए एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि यह घटना 23 अगस्त की रात की है जब महिला ने चितलसर इलाके में स्थित दुकान में अपनी ड्यूटी खत्म की। उसे लगा कि कोई उसे देख रहा है और उसने एक व्यक्ति को ड्रेसिंग कक्ष के एक छोटे-से छेद के जरिए अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाते हुए देखा। इसके बाद महिला ने शोर मचाया और ड्रेसिंग कक्ष से बाहर निकल गई तथा दूसरे कर्मचारियों को इसकी सूचना दी। घटना के बाद आरोपी प्रतीक म्हात्रे किसी तरह फरार हो गया। पुलिस यह जांच कर रही है कि म्हात्रे कर्मचारी है या कोई ग्राहक है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 77 (ताक-झांक) और धारा 78 (पीछा करना) के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

## लड़कियों ने एक स्कूली छात्रा पर बजाए लात-घूसे

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुंबई से एक परेशान करने वाला वीडियो सामने आया। यहां एक लड़कियों के एक ग्रूप ने एक स्कूली छात्रा को लात, घूंसे, कोहनी से मारा और उसके बालों को घसीटा। इसका वीडियो भी इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।



### पुलिस ने की जांच

वर्सोवा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों और स्नेहा फाउंडेशन ने बाल कल्याण समिति की मदद से सभी लड़कियों और उनके माता-पिता की काउंसलिंग की। संबंधित स्कूल के प्रिंसिपलों को भी घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने कहा कि 'हम जांच कर रहे हैं कि वीडियो किसने प्रसारित किया।'

### घटनास्थल पर गश्त बढ़ी

पुलिस ने एक्स पर कई मैसेज भेजे, जिसमें कहा गया, 'वर्सोवा में एक लड़की पर हमले के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए निर्भया स्क्वॉड (महिलाओं/बच्चों के खिलाफ अपराध रोकने के लिए विशेष सेल) ने जांच की। जांच के दौरान पता चला कि वीडियो में दिख रही सभी लड़कियां नाबालिग हैं और एक ही इलाके की हैं। एक छोटी सी बात पर हुई बहस के बाद उनके बीच झगड़ा हो गया।' पुलिस ने बताया कि निर्भया स्क्वॉड मामले पर कड़ी नजर रख रहा है और घटनास्थल पर गश्त बढ़ा दी गई है।

### परेशान कर देने वाली वीडियो

बता दें कि यह घटना दो सप्ताह पहले वर्सोवा के यारी रोड इलाके में हुई थी। इस परेशान कर देने वाले वीडियो में स्कूल ड्रेस पहनी एक लड़की को बेरहमी से पीटता हुए देखा जा सकता है। मारपीट के दौरान लड़की जमीन पर गिर जाती है। हमलावर और पीड़िता सभी नाबालिग हैं। वीडियो में लड़की बेसूत होकर उठती है और अपनी सहेली के पास चली जाती है। इसी दौरान, हमलावरों में से एक चिल्लाते हुए 'इधर आ, इधर आ' बोलते हुए नजर आते है और इसके बाद एक गाली देते हुए भी नजर आती है। मारपीट के दौरान कोई भी लड़की को बचाने नहीं आता है। पीड़िता को हिंसक तरीके से घसीटा जाता है। एक हमलावर उसकी पीठ पर चढ़ जाता है और उसे बुरी तरह घूंसे मारना शुरू कर देता है।


**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल **श्री विनोद शंकर शर्मा** ने अपने पिता स्वर्गीय **श्री नारायण नीलकांतन,** जिनका निधन 2**4/04/2024** को हो गया था, के नाम से अपने नाम पर फ्लैट संख्या 2001, जिसका क्षेत्रफल **48.05** वर्ग मीटर है, जो **517.21** वर्ग फीट कारपेट एरिया के बराबर है, तथा इसमें एक कार पार्किंग स्पेस भी है, जो कि **"ईरेन पार्ट- I"** नामक परियोजना की बिल्डिंग **"रिसेउ"** में टावर 6सी की 20वीं मंजिल पर है। यह परियोजना कलर केम के सामने, पीरामल हेल्थ केयर के पास, ढोकली, ठाणे (पश्चिम), ठाणे 400607 में स्थित है।

सभी व्यक्ति जिनके पास उपर्युक्त संपत्ति पर उत्तराधिकार, बिक्री, बंधक, प्रभार, ट्रस्ट, ग्रहणाधिकार, कब्जा, उपहार, रखरखाव, पट्टा, कुर्की या अन्य किसी भी तरह से कोई दावा, अधिकार, शीर्षक और/या हित या मांग है, उन्हें इसके बारे में लिखित रूप में नीचे हस्ताक्षरकर्ता को उनके पते दुकान नंबर 14, आकृति अपार्टमेंट, मथुरादास रोड, कांदिवली (पश्चिम), मुंबई 400067 पर इस तिथि से 15 दिनों के भीतर सूचित करना आवश्यक है, अन्यथा यदि इसके बाद कोई दावा सामने आता है तो उसे माफ और/या त्याग दिया गया माना जाएगा।

हस्ताक्षर
**(श्रीमती रशीदा य. लक्ष्मीधर)**
दिनांक: 27/08/2024 वकील



# भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी

## बांधकाम विभाग, प्र.स.क्रं १
## ई-निवीदा सुचना क्रमांक ५८ सन २०२४/२५

भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिकेच्या बांधकाम विभागामार्फत खालील नमुद कामाचे निविदा फॉर्म दिनांक २८/०८/२०२४ ते दि. ०४/०९/२०२४ पर्यंत विक्रीस उपलब्ध आहे.

| अ.क्र. | कामाचे नांव | अंदाजपत्रकीय किंमत | निविदापत्राची किंमत (रु.) |
|---|---|---|---|
| १ | प्रभाग समिती क्र ०१ कार्यक्षेत्रातील मिल्लतनगर, फरीदबाग व विविध ठिकाणच्या रस्त्यांची डांबरीकरणाने (पॅचवर्क । पध्दतीने) दुरुस्ती करणे. | ९,९९,४४४/- | ५९०/- |
| | वरील ऑनलाईन निविदा दि. ०४/०९/२०२४ पर्यंत दुपारी ४.०० पर्यंत स्विकारण्यात येतील. तसेच सदरची निविदा ही दि.०५/०९/२०२४ रोजी संध्या. ४.०१ अथवा कार्यालयीन कामकाजाच्या सोईप्रमाणे निविदा समिती समक्ष उघडण्यात येईल. अधिक माहिती महानगरपालिकेच्या mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावरुन प्राप्त होऊ शकेल अथवा नविन शासकीय इमारतीमधील ५ व्या मजल्यावरील बांधकाम विभाग कार्यालयाशी संपर्क साधावा. | | |

सही/-
**(सचिन नाईक)**
प्र. शहर अभियंता
भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी